

महापौर प्रीति संजीव सूरी
एवं निगम परिषद के सफलतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर बधाई-शुभकामनाएं
सक्षम नेतृत्व से बदली है तस्वीर
प्रयासों से दूर हुआ जल संकट, तीन वर्षों में नगरवासियों को मिली राहत
शहर के सभी 45 वार्डों में जनसुनवाई
जनसुविधा के लिए महापौर हेल्पलाइन
कार्य गुणवत्ता के लिए ई-ऑफिस की व्यवस्था
पर्यावरण संरक्षण के लिए सघन वृक्षारोपण
10 करोड़ की लागत से नवीन कार्यालय भवन की योजना
नवीन कमर्शियल काम्प्लेक्स से व्यवसाय को मिलेगी गति
ट्रांसपोर्ट नगर को पूरी तरह किया जा रहा व्यवस्थित
नगर निगम कटनी के प्रमुख विकास कार्य, जिन्होंने बदली शहर की सूरत
[उपलब्धि : 15 सालों से चली आ रही जगन्नाथ चौक-घंटाघर रोड चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की ओर अग्रसर।
01. पुरानी चौपाटी में पक्की दुकानें निर्माणाधीन।
02. वेंकट वार्ड में 1 करोड़ 10 लाख की लागत से निषाद विद्यालय भवन का निर्माण।
03. प्रधानमंत्री आवास योजना में लगभग 6669 हितग्राहियों को आवास एवं प्रेमनगर में 32 दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण।
04. रिवर फ्रंट योजना में लगभग 8 करोड़ की लागत से कटाएघाट, मोहन घाट एवं मसुरहा घाट का सौंदर्यीकरण।
05. झिंझरी में नवीन बस स्टेंड निर्माणाधीन।
06. 100 करोड़ से अधिक की लागत से शहर के वार्डों में हुए सड़क नाली के कार्य
07. सीवर लाईन विस्तार का कार्य।
08. सुरम्य पार्क का सौंदर्यीकरण
09. स्वीमिंग पूल का पुनः संचालन।
10. सेल्फी प्वाइंट।
11. अमीरगंज तालाब कायाकल्प।
12. कलेक्ट्रेट के सामने शापिंग काम्पलेक्स का निर्माण।
13. संबल योजना में पात्र हितग्राहियों को विगत तीन वर्षों में ढाई करोड़ से अधिक की सहायता राशि।
14. शहर के सभी 45 वार्डों में समस्या निवारण शिविरों का आयोजन।
प्रस्तावित कार्य
1. गुलाब चंद स्कूल में 2 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवन निर्माण प्रस्तावित
2. इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन
3. अमृत योजना : 50 करोड़ रूपये की लागत से नई पाईप लाइन विस्तार एवं नवीन टंकियों का निर्माण
4. लगभग 40 करोड़ की लागत से सीवर लाइन -2
5. अमीरगंज में एक करोड़ से अधिक की लागत से पार्क का निर्माण
6. रचना नगर में ओपन सब्जी मंडी
7. शहर एवं वार्डों में लगभग 50 करोड़ के कार्य
08. मुख्य मार्गों एवं चौराहों का सौन्दर्यीकरण
सौन्दर्यीकरण
घंटाघर सड़क
नवनिर्मित बस स्टैंड
लबालब कटाएघाट बैराज
स्वीमिंग पूल का पुनः संचालन
निषाद स्कूल का नया भवन
हमारा संकल्प
हर नागरिक तक समय पर पहुंचे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ
सुभाष शिब्बू साहू
सदस्य, एमआईसी
सुरेन्द्र गुप्ता
सदस्य, एमआईसी
डॉ. रमेश सोनी
सदस्य, एमआईसी
श्रीमती बीना बैनर्जी
सदस्य, एमआईसी
सुमन माखीजा
सदस्य, एमआईसी
तुलसा गुलाब बेन
सदस्य, एमआईसी
जय नारायण निषाद
सदस्य, एमआईसी
गोविन्द चावला
सदस्य, एमआईसी
धन्यवाद-भाजपा
आभार- प्रदेश सरकार
शुभेच्छु
नरेश अग्रवाल मित्र मंडली, कटनी

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**बड़वारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरछेका में खेत पर काम करने गए 20 वर्षीय सागर साहू की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना ने रक्षाबंधन और कजलिया जैसे की खुशियों को मातम में बदल दिया। जानकारी के अनुसार सागर साहू रविवार दोपहर अपने खेत पर खाद डालने के लिए गया था। खेत में लगे बिजली के खंभे से अचानक करंट उतर आया जिसे सागर ने अनजाने में छू लिया। करंट का झटका इतना तेज था कि वह बुरी तरह झुलस गया। परिवार वालों को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो वे आनन-फानन में उसे एक निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अखंड सीता राम संकीर्तन का भंडारा के साथ हुआ समापन

**सिलौंडी।** श्रावण माह में श्री पंचमुखी दरबार जनकपुर धाम में दामोदर दास महाराज के सानिध्य में चल रही एक माह की अखंड श्रीसीताराम संकीर्तन का समापन हवन पूजन और विशाल भंडारा के साथ हुआ। पंचमुखी दरबार जनकपुर धाम में सुबह से ही भक्तों ने महाराज का दर्शन कर एवं अखंड श्रीसीताराम संकीर्तन में भाग लेकर पुण्य लाभ लिया। पंचमुखी सेवा न्यास दरबार के सदस्यों और ग्रामवासीयो के सहयोग से पूरे श्रावण माह में अखंड रूप से श्रीसीताराम का संकीर्तन हुआ। हर सोमवार को पुरोहित संयोग शास्त्री ने भगवान पशुपतिनाथ आदिशंकर का रूदाभिषेक किया। समापन के अवसर दामोदर दास महाराज के सानिध्य में पुरोहित संयोग शास्त्री द्वारा हवन पूजन किया। इस के बाद कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों की मौजूदगी रही है।

### डबल विकेट टूर्नामेंट में सतना की टीम रही विजेता

**उमरियापान।** उमरियापान के अंधेली बाग खेल मैदान में रविवार को मानसून डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। टूर्नामेंट में टेनिस क्रिकेट के बड़े सितारे अंकित मौर्य, रोहित बर्मन, रैना, आकाश, आशु शुक्ला,वीरेंद्र तिवारी,अनवर खान,अयाज अनवर, इमरान बैग, रसल, विकास चौहान, सोनू भाईजान, सौरभ पटेल, सत्यम पटेल ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला कटनी के आशु शुक्ला और सतना के रैना के बीच खेला गया। जिसमें सतना के रैना की टीम विजयी रही। विजेता टीम को 11 हजार रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया गया।क्रिकेट के इस नए प्रारूप को देखने भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर किया सम्मानित

**विजयराघवगढ़।** समीपी ग्राम श्रीहरि सिंह बघेल शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसवाही का विगत शैक्षणिक सत्र के हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जबलपुर अरुण कुमार इंगले ने प्राचार्य डॉ अनिल मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक पी पी सिंह,जिला प्रशिक्षण संस्थान की प्राचार्य एम डुंगडुंग सहित जिले अन्य विद्यालयों के प्राचार्यों की उपस्थिति रही। डॉ अनिल मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए अपने संस्था के समस्त शिक्षकों के अथक परिश्रम से इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर शालेय शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक राजेश अग्रहरि ने किया।

### जिले में अब तक 769.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 10 अगस्त तक कुल 769.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 991.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 718.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 7.2 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

**27 अगस्त से शुरू होगा गणेशोत्सव पर्व, पंडालों एवं घरों में विराजेंगे गजानन**

# तैयारियां : गणेशोत्सव पर्व को लेकर प्रतिमाओं को बनाने में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

प्रथम पूज्य देव गणपति गजानन के गणेशोत्सव की तैयारियां शुरु हो गई हैं। 27 अगस्त से प्रथम पूज्य देव विघ्नहर्ता का दस दिवसीय गणेशोत्सव पावन पर्व शुरू हो जाएगा। गणेश स्थापना के लिए गणेश मूर्तियों को तैयार करने मे मूर्तिकार जुटे हुए है। घरो में स्थापित करने के लिए गणेश की छोटी-छोटी मूर्तियां बनाई जा रही हैं, जबकि पंड़ालों में स्थापित करने के लिए पांच फीट तक उंची प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है।मूर्तिकार गणेश जी की तरह-तरह की सुंदर, कलात्मक प्रतिमाएं बना रहे है।



### विभिन्न आकार की प्रतिमाएं

मूर्तिकारो को इस बार विभिन्न आकार की गणेश प्रतिमाएं बनाने के ऑर्डर मिले है।स्लीमनाबाद मैं पिपरिया सहलावन से मूर्तिकार मनोज चक्रवर्ती ने बताया कि परंपरागत स्वरूप मैं प्रतिमाओं का निर्माण अधिक किया जा रहा है।मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग अधिक है।इसलिए सिर्फ मिट्टी की ही गणेश प्रतिमाएं बनाई जा रही है। दक्षिणावर्ती सूंड वाले गणेश जी की प्रतिमाएं लोग अधिक बना रहे है। इस बार 501 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये तक कीमत की मूर्तियां बन रही है।

### सैकड़ा भर स्थानों में होगी स्थापना

स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय में बड़े-छोटे मिलाकर 50 स्थानों पर पंडाल सजाए जाएंगे। इनमें 5 फीट से 10 फीट ऊंचाई की गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के पंडालों और घरों मैं भी गणेश प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी। दस दिनों तक लोग विघ्नहर्ता की भक्ति मैं लीन रहेंगे। रात के समय धार्मिक आयोजन भी होंगे। जिनकी संबंधित समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

हर्बल मूर्तियों की मांग

भगवान गणेश की स्थापना की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे-वैसे मूर्तिकारों के पंडाल में तरह-तरह की प्रतिमाएं आकार ले रही हैं। मूर्ति निर्माण करने वाले कलाकार ओमप्रकाश चक्रवर्ती ने बताया कि, पड़ालों के साथ ही घर पर स्थापित करने के लिए हर्बल गणेश मूर्तियों की डिमांड़ ज्यादा रहती है। इस बार पर्यावरण व तालाबों के संरक्षण के लिए मूर्तिकार इस बार हर्बल रंगों से गणेश की मूर्तियों को रंग रहे हैं, ताकि तालाबों में हो रहे प्रदूषण को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि गणेश अंक पुस्तक के मुताबिक पीली मिट्टी से निर्मित गणेश मूर्ति पूज्यनीय और शुभ है। इसलिए पीली मिट्टी से मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। मूर्ति को रंगने के लिए भी हर्बल कलर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वाटर कलर साबूदाना से बनाए जा रहे हैं। साबूदाना के पानी का उपयोग मूर्तियों की साइनिंग के लिए भी किया जा रहा है।

मूर्तिकारों ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पूजन के लिए गजानन या अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं मिट्टी से ही बनानी चाहिए।



## सावन मास की समाप्ति पर मंदिर मे हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

पवित्र सावन मास का सावन मास की पूर्णिमा यानि रक्षा बंधन के साथ समापन हो गया। सावन मास मैं शिवालयों व मंदिरों मैं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा सावन मास मैं प्रतिदिन रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। सावन मास की समाप्ति पर श्रावण मास का झूला डाला गया जिसमें भगवान बांके बिहारी को झूला झुलाया गया।

इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर मैं महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। साथ ही भजन कीर्तन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सावन मास समाप्ति पर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ रही। महिला मंडल की सदस्य मनोरमा त्रिपाठी, उपमा त्रिपाठी, सरिता त्रिपाठी, कृष्णा तिवारी ने बताया कि सावन में भगवान को झूला झूलने का बड़ा महत्व है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। जो व्यक्ति भगवान को झूला झुलाता है, वह सभी प्रकार के कष्ट से दूर हो जाता है। कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने राधा रानी को सावन में झूला झूलाया था। तब से यह परंपरा चली आ रही है, और हर कोई सावन में झूला झूलता है। अपनी मनोकामना के लिए गीतों के माध्यम से श्रीकृष्ण तक संदेश पहुंचाई जाती है।

## हरदुआ कुडो में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में गुरुवार 14 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरूवार 14 अगस्त को जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत हरदुआ कुडो में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरुवार 21 अगस्त को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में और गुरुवार 28 अगस्त को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत सिंनगौड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 5 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### आदतन अपराधी को 6 माह के लिए जिले की सीमाओं से किया गया निष्कासित

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने वार्ड 13 अमरैयापार थाना कैमोर निवासी चन्द्रणप्रकाश लोनी उर्फ गोलू पिता सुधीर कुमार लोनी उम्र 25 वर्ष के विरुद्ध मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्वट सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। चन्द्ररप्रकाश लोनी के विरूद्ध वर्ष 2019 से अब तक कुल 7 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करने, मारपीट कर चोट पहुंचाने, जान से मारने की धमकी देने जैसे अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस के द्वारा चन्द्रकप्रकाश के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यावहार में कोई सुधार नहीं हुआ। चन्द्रकप्रकाश की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी चन्द्रजप्रकाश लोनी को 24 घंटे के भीतर जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### ब्रम्हाकुमारी विश्वविद्यालय में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने प्रेम विश्वास और एकता का पावन त्यौहार रक्षाबंधन अलौकिक रीति से मनाते हुए सभी भाई बहनो को आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर पवित्रता की राखी बांधी । .बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि सच्चा रक्षाबंधन केवल एक धागा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के बीच पवित्र प्रेम और मर्यादा का बंधन है।यह हमें याद दिलाता है कि जैसे भाई बहन एक-दूसरे की रक्षा का वचन देते हैं, वैसे ही हमें भी अपनी आत्मा को विकारों से बचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस पवित्र धागे का आध्यात्मिक अर्थ है — अपने जीवन में सात्विकता, पवित्रता, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा करना। जब हम परमपिता शिव से योग द्वारा जुड़ते हैं, तो उनकी शक्तिशाली संरक्षण छत्रछाया में हमारे मन, बुद्धि और कर्मों की रक्षा होती है। यही सच्चा और अटूट रक्षाबंधन है, जो हमें जन्म-जन्मांतर के लिए सुख, शांति और सुरक्षा प्रदान करता है। अंत में सभी ने मिलकर सुखद और आध्यात्मिक वातावरण में राखी पर्व का आनंद लिया।

## उमरियापान—सिहोरा मार्ग पर जानलेवा गड्ढे, पचपेढ़ी से मंगेली तक सड़क बेहद खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



उमरियापान—सिहोरा मार्ग पर सफर अब लोगों के लिए मुश्किल भरा हो गया है। पचपेढ़ी से मंगेली तक करीब 4 किलोमीटर के हिस्से में तो सड़क कम और गढ्ढे ज्यादा है। पीडब्ल्यूडी की यह सड़क वर्षों से बदहाल है, लेकिन इस साल इस हिस्से में मरम्मत और मेंटेनेंस का काम नहीं कराया गया है।

सड़क पर गढ्ढे होने के कारण बारिश के दिनों में आवाजाही में ज्यादा दिक्कत होती है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क की हालत और खतरनाक हो जाती है। पानी के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते है।दोपहिया वाहन सीधे गढ्ढों में धंस जाते हैं। कई बार संतुलन बिगड़ने से चालक सड़क पर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि बीते कुछ हफ्तों में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन विभाग की नींद अब तक नहीं टूटी।

भारी वाहनों के लिए भी यह मार्ग अब खतरनाक साबित हो रहा है। ट्रक और बसें इन गड्ढों से गुजरते हुए झटके खाती हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी होती है और समय भी ज्यादा लगता है। कई जगह सड़क किनारे फिसलन के कारण वाहनों के फिसलने का खतरा भी लगातार बना रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी को कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

**चालीहा महोत्सव के तहत मसुरहा घाट में हुआ आयोजन**

## जल देवता की पूजा अर्चन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं भजनों की हुई प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में 8 जुलाई से चल रहे 40 दिवसीय भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के अवसर पर झूलेलाल चालिहा समिति द्वारा रोजाना विविध, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला अनवरत जारी है। सुबह, शाम मंदिर में भजन कीर्तन, आरती, पल्लव व दीनबंधु भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे हैं।

समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि झूलेलाल चालिहा सम्मति द्वारा प्रत्येक रविवार को प्रात 9 बजे से 11 बजे तक मसूराहा घाट ( कटनी नदी ) के तट पर जल देवता की पूजा, अर्चन भजन कीर्तन, अखो पल्लव आरती व दीप दान का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चालिहा महोत्सव में प्रत्येक रविवार को जल देवता के पूजन की श्रृंखला के तहत आज 10 अगस्त रविवार होने के कारण श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली एवं प्रात आखो पल्लव आरती व दीपदान के ततपश्चात 11 बजे से झूलेलाल सेवा सम्मति के सहयोग से सुप्रसिद्ध बालक मंडली उदासी बंधुओं का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं भाई गोवर्धन, दिलीप उदासी के भजनों पर श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गये व उनके भजनों की धूम पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूमते नज़र आये एवं बालक मंडली द्वारा " उहो हतह मथे करे" "मुहिंजी बेड़ी अथाई वीच सीर तै" "आयोलाल झूलेलाल पले वारो झूलेलाल" आदि गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में पल्लव के बाद प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंदू लाल जादवानी, त्रिलोकचंद भोजवानी, पूर्व अध्यक्ष मोहन बत्रा ,हरीश बहलानी, नेवंदराम खूबचंदानी, अमर चेतवानी, महेश बहलानी, जीयंदराय पंजवानी , मोहन बजाज ( मन्नु भैया) नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, पूर्व भाजपा ज़िला अध्यक्ष रामरतन पायल , पार्षद अवकाश जयसवाल , पार्षद बिट्टू अहमद, पार्षद गोविंद चावला , पार्षद ईश्वर बहरानी आदि मौजूद थे।

**ग्रामीण अंचलों में उत्साह से मनाया गया आपसी भाईचारे का पर्व कजलियां**

## कजलियां देकर दूर किये गिले शिकवे, छोटो ने बड़ो से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद / बड़वारा





रक्षाबंधन के अगले दिन मनाया जाने वाला आपसी प्रेम,स्नेह व भाईचारे के प्रतीक कजलिया पर्व रविवार को हर्षोल्लास के साथ स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे मनाया गया।इसके लिए घरों में करीब एक सप्ताह पूर्व से ही कजलियां बोई गई। रविवार की शाम को कजलियां को ताल-तलैयों व भगवान को भेंट कर निकाला गया। स्लीमनाबाद स्थित हरिदास ब्रजधाम कोहका में परम्परानुसार कजलियां मेला आयोजित हुआ। घरो में बोई गई कजलियां महिलाओं के द्वारा लाई गई जहां पूजा अर्चना कर हरियाली ,सुख समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद सरोवर में जाकर कजलियां को स्वच्छ किया गया।इसके बाद मंदिरों,देवालयों मैं भगवान को चढ़ाया गया।

देर शाम लोग सज धजकर नए वस्त्र धारण कर इस त्यौहार का आनंद उठाते देखे गए। बच्चों में भी इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यह त्यौहार उन बहनों के लिए भी बहुत खास होता है जो सावन में ससुराल से अपने मायके आती है। कजलियां त्यौहार के दौरान वे अपनी पुरानी सखी -सहेलियों ओर मोहल्ले की अन्य महिलाओं से मुलाकात होती है। संध्या कालीन घर-घर जाकर कजलियां देने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। एक दूसरे को कजलियां भेंट की गई तो छोटो ने बड़ो से आशीष पाया। बड़े बुजुर्गों ने छोटो के कानों में कजलियां खोसकर आशीर्वाद दिया।

गौरतलब है कि कभी यह पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता था। परन्तु आधुनिकता की दौड़ में इस पर्व की रौनक फीकी पड़ती जा रही है। हालांकि अभी भी ग्रामीण इलाकों यह परम्परा जीवंत है। रूठों को मनाने का विशेष महत्व माना जाता है।

### बड़वारा में निकली झांकी, रथयात्रा

बड़वारा अंचल में भी कजलियां पर्व उल्लास से मनाया गया। रविवार को घरों में बोई गई कजलियां लेकर महिलाएं बच्चे युवा प्रसिद्ध राम मंदिर से भगवान राम की झांकी के साथ ढोल बाजों के साथ रथ यात्रा निकाली। हनुमान तालाब के पास ले जाया गया। वहां भगवान की पूजा-अर्चना करने के बाद इन तालाब में विसर्जित किया गया। कजलियां अपने अपने घर लाकर भगवान को अर्पित कर एक दूसरे को बड़े ही आपसी सौहार्द्र से बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद, छोटो को स्नेह, एवं दोस्तों को गले लगाकर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बड़वारा विधान सभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने रक्षाबंधन एवम कजलियां पर्व पर क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने बताया कि कजलियां ऐसा त्यौहार है जो प्रकृति, प्रेम और खुशहाली से जुड़ा हुआ है। इसे राखी के दूसरे दिन मनाया जाता है। इसका प्रचलन कई सदियों से चला आ रहा है परम्परा का निर्वहन करते हुए कजलियां पर्व धूम धाम हर्षोल्लास के मनाया जाता है। बड़वारा की सरपंच सुनैना सिंह टेकाम ने भी सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।



## एक दूसरे को भेंट की कजलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

रक्षाबंधन के दूसरे दिन रविवार को उमरियापान, ढीमरखेड़ा, सिलौंड़ी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में कजलियां पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाम होते ही तालाबों और जलाशयों के किनारे मेल-मिलाप का अनूठा दृश्य नजर आया। घरों में बोई गई कजलियों को महिलाएं, युवतियां, पुरुष और बच्चे लोकगीत गाते हुए जल में विसर्जित करने पहुंचे। इस पर्व पर उमरियापान के विभिन्न मंदिरों और देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देवी-देवताओं को कजलियां अर्पित करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को कजलियां भेंट कीं। इस मौके पर बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बड़े-बुजुर्ग कजलियां लेकर आने वाले बच्चों और अपने से छोटों को आशीर्वाद के साथ पैसे और उपहार दिया।गांव की बुजुर्ग लक्ष्मी बाई झारिया ने बताया कि भारतीय संस्कृति में कजलियां पर्व का विशेष महत्व है। इस दिन अन्न को साक्षी मानकर लोग मन के सभी मलिन्य भूलकर गले मिलते हैं और आपसी संबंधों को मजबूत बनाते हैं।दिनभर लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर कजलियों का आदान-प्रदान करते रहे, वहीं अपने हम उम्रों से गले मिलकर पुरानी गलतियों के लिए क्षमा याचना भी की।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज में मिढ़ासन नदी पर पंडित राम दुलारे पाठक की उपस्थिति में हुआ श्रावणी उपक्रम अनुष्ठान

**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज नगर की मिढ़ासन नदी चकदही घाट पर शनिवार की दोपहर 11:00 से 12:00 के बीच श्रावणी उपक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पंडित राम दुलारे पाठक द्वारा सभी का यज्ञोपवीत कराया गया और पूजन किया। साथ ही कर्म शुद्धि के लिए अनुष्ठान हुआ। यह कार्यक्रम श्रावण मास की पूर्णिमा को किया जाता है। इस दिन अनुष्ठान कर ब्राह्मण वर्ग द्वारा अपनी कर्म सिद्धि के लिए यह कार्य किया जाता है जिसमें यज्ञोपवीत पूजन और उपनयन संस्कार का विधान रहता है।

### वन भूमि में अतिक्रमण नहीं होगा बर्दास्त, दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पन्ना की कार्यप्रणाली सख्त

**सलेहा**। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के सलेहा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बीट सलेहा में गश्ती के दौरान वन भूमि पर 4 परिवारों द्वारा बाड़ी बनाकर किए जा रहे अतिक्रमण के प्रयास को वन विभाग की टीम ने समय रहते विफल कर दिया। वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में, जो वन एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति अपनी संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं, वन विभाग लगातार ऐसी गतिविधियों पर सख्त नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में, रेंज ऑफिसर सलेहा जीतू सिंह बघेल के नेतृत्व में परिक्षेत्र सहायक दिलीप सिंह, बीट गार्ड सलेहा अनिल त्रिपाठी, बीट गार्ड मुढ़िया नीरज पांडे तथा सुरक्षा श्रमिकों की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान टीम ने स्थानीय लोगों को वन क्षेत्र की सीमाओं की जानकारी दी तथा भविष्य में इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि दक्षिण पन्ना वनमण्डल ने इसके पहले भी कई मौकों पर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर संरक्षण की मिसाल पेश की है, जिससे न केवल जंगल की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं बल्कि वन्यप्राणियों के प्राकृतिक आवास की रक्षा भी संभव हुई है।

### सकरिया-डिगौरा मार्ग जिसकी लागत 68 करोड़ स्वीकृत केन्द्रीय सड़क निधि से कराई गई

**पन्ना**। किस तरह से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर दास्तायें सामने आ रही है कुछ कह पाना कठिन है। उदाहरण को लेकर जहां केन्द्रीय सड़क निधि से निर्मित डिगौरा मार्ग जिसकी लागत 68.38 करोड़ बताई जा रही है। इस मार्ग को लेकर कई बार मीडिया ने सुर्खियां बनाकर अवगत कराया। अपने दायित्वों व कर्तव्यों से हालात कुछ कह पाना कठिन रहे। सड़क के निर्माण को लेकर उच्च स्तरीय जांच के लिए खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के तीन पत्र जनचर्चाओं में व्याप्त है। खुद की सरकार में जहां गुणवत्ता को लेकर खजुराहो सांसद ने उच्च स्तरीय जांच के लिए इस मार्ग की कराये जाने हेतु जहां केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी सड़क परिवहन राज्य मार्ग मंत्रालय से भारत सरकार के द्वारा कराये जाने हेतु वहीं म.प्र. सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है। साथ ही म.प्र. सरकार के लोक निर्माण मंत्री को भी केन्द्रीय सड़क निधि से निर्मित सकरिया-डिगौरा मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने को लेकर पत्र लेख किये गये है। देखना यह है कि क्या इन पत्रों के माध्यम से जहां अब कार्यवाही की दरकार मानी जा रही है। खजुराहो सांसद इस मार्ग की उच्च स्तरीय जांच कराना चाह रहे है। इससे साफ जाहिर होता है कि निर्माण कार्यों को लेकर कहीं न कहीं कार्य एजेन्सी की मनमानी या फिर जिम्मेदार अधिकारियों को जिन्हे मॉनीटरिंग करने को लेकर सरकार के द्वारा दायित्व दिये गये। आखिरकार हालात स्वयं ही चर्चा में है। तीन पत्रों का लेख स्वयं हालात को बयां कर रहा है। किस तरह की दास्तायें है। कार्यप्रणाली गुणवत्ता को लेकर क्या जिले में जिम्मेदार अधिकारी भर्रेशाही के आलम को अंजाम देना चाहते है।

विश्व आदिवासी दिवस पर बटियागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यमंत्री श्री पटेल

# सरकार ने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय खोला, यह क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है-राज्यमंत्री

### भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति लगाने का भी प्रयास किया जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हमारी सरकार ने टंट्या मामा के नाम पर विश्वविद्यालय खोला है, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, यह विश्वविद्यालय हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने चालू किए यह सिर्फ नाम के लिए विश्वविद्यालय चालू नहीं किए हैं। अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजे क्योंकि पढ़ाई एक ऐसी व्यवस्था है जो लोग पढ़ लिखकर आगे चले जाते हैं, वह निश्चित रूप से अपना उत्थान करते हैं, साथ ही अपने परिवार को भी आगे बढ़ाते हैं और साथ में आसपास के लोगों को प्रेरणा देकर उनको भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राजमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटैल ने आज विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा हमारी सरकार निरंतर ही समाज उत्थान के लिए कार्य करती है। यह कार्यक्रम प्रेरणादाई हो आप अपने भविष्य में सुधार के लिए कुछ लेकर यहां से जाएं आज के कार्यक्रम का सार बहुत महत्वपूर्ण है तो निश्चित रूप से यह रिकॉर्ड हुआ होगा तो उसको घर जाकर बार-बार सुने क्योंकि एक बार सुनने से कुछ बातें रह जाती है, वह बातें हमारे जहन में आए हम उस पर चलने का काम करे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने राज्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर तथा भगवान विरसामुण्डा का चित्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री पटैल ने मोटर साईकिल चालकों को हेलमेंट पहनायें और मोटर साइकिल चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम, बटियागढ़ विकासखंड के युवा आदिवासियों ने आयोजित किया उसमें आने का अवसर मिला, भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा को याद किया, उनके गुणों का बखान किया और बताया कि किन-किन मार्ग पर चलना चाहिये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि यहां पर मांग आई है कि भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति लगाई जाए तो हमने अपने जनजाति भाई बहनों को आश्वासन दिया है कि भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति लगाने का जो खर्चा आएगा, वह हम व्यवस्था करेंगे। साथ ही अनुमति लेने के लिए सिस्टम है जिस जगह पर भी मूर्ति लगाना है उसकी अनुमति शासन से लेनी पड़ती है, उसकी प्रक्रिया समाज के लोग करेंगे और जहां पर भी मेरी मदद की आवश्यकता पड़ेगी, वहां पर भी मैं मदद करूंगा और मूर्ति को शीघ्र से शीघ्र लगवाने का भी प्रयास किया जायेगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि आदिवासी समाज के लोग मोटर साइकिल तो ले लेते हैं, लेकिन हेलमेट नहीं ले पाते जिसके कारण दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं, प्रयास है कि सबको हेलमेट देकर बचाने का काम करें, इसको और आगे बढ़ाएं। उन्होंने आदिवासी दिवस के अवसर पर सभी जनजाति समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं। राजमंत्री श्री पटेल ने कहा इस कार्यक्रम में नशे से दूर रहने की भी बात आई है यदि आप नशे से दूर रहेंगे और अपनी आने वाली पीढ़ी को पढ़ाने का काम करेंगे तो निश्चित रूप से बदलाव आएगा। उन्होंने कहा अगर आप सब मेरी बात को ध्यान से सुनेंगे तो आपको साफ समझ में आ जाएगा कि हमारी सोच क्या है हमारी सरकार की मंशा क्या है। इस अवसर पर विक्रम आदिवासी ने मनमोहक कविता पाठ प्रस्तुत किया। मंटू आदिवासी ने विश्व आदिवासी दिवस पर अपनी बात रखी। इसी क्रम में सोनू रावत ने भी अपनी बात और विचार रखे जिसका मौजूद जनसमुदाय ने करतल ध्वनि से सराहा। इसी क्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे।

# पवित्रता और भाईचारे का पर्व रक्षाबंधन-ब्रह्मा कुमारी



धागा है मर्यादा और पवित्रता का प्रतीक- ब्रह्माकुमारी

**पन्ना**। रक्षाबंधन का पुनीत पर्व ब्रह्माकुमारी विद्यालय में बड़े ही उमंग उत्साह से मनाया गया बहन जी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामना देते हुए एवं रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि यह रक्षाबंधन एक विशाल हृदय व विशुद्ध भावनाओं से जुड़ा हुआ है परंतु आज छोटी सी सीमा में बंधकर रह गया है, रक्षाबंधन हम सभी भारत वासियों के लिए एक पावन पर्व है इस दिन हर बहन अपने भाई को राखी बांधती है इस शुभ आशा के साथ की उसका भाई जीवन भर उसकी और उसके पवित्रता की रक्षा करेगा यह बंधन एक ऐसा पवित्र बंधन है जिसमें एक बार बंध जाने से उस रिश्ते का सम्मान और ही बढ़ जाता है फिर रिश्ते में कभी विकारी दृष्टि वृत्ति उत्पन्न नहीं हो सकती, परंतु आज के समय पर हर मनुष्य आत्मा के अंदर यह जो पांच विकार यह अपने चरम सीमा पर पहुंच चुके हैं जो कभी-कभी इस पवित्र संबंध को भी कलंकित कर देते हैं, बस साल में एक बार आने वाली रसम बनकर रह गई है राखी उत्सव, भारत को स्वर्ग बनाने वाला रक्षाबंधन रू वर्तमान समय परमपिता परमात्मा हम सभी को पवित्रता का रक्षा सूत्र बांधते हैं, ज्ञान एवं राजयोग ( ध्यान)की शिक्षा देकर आत्मा को विकारों के बंधन से मुक्त कर रहे हैं, जब मनुष्य आत्मा काम,क्रोध, लोभ, मोह,अहंकार, ईर्ष्या, नफरत, व्यसन आदि हर विकारों से मुक्त हो जाती है, मन वचन कर्म से पवित्र रहने का संकल्प करती है, तब यह भारत स्वर्ग बन जाता है इस उपलक्ष्य में पन्ना कलेक्टर श्री सुरेश कुमार, पन्ना पुलिस अधीक्षक, सांई कृष्णा डीएफओ अनुपम शर्मा, जेलर साहब आरपी मिश्रा, श्रीमती दुर्गा त्रिपाठी, जेल में कैदी भाइयों को एवं वृद्ध आश्रम में सभी वरिष्ठ नागरिकों को रक्षा सूत्र बांधकर कराई गई प्रतिज्ञा।

# रक्षाबंधन पर बहनों ने पौधों को बाँधी राखी, लिया संरक्षण का संकल्प

### कदम संस्था द्वारा जिला आयुष कार्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रक्षाबंधन के अवसर पर कदम संस्था द्वारा जिला आयुष कार्यालय परिसर में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बहनों ने पौधों को राखी बाँधकर उन्हें अपना भाई माना और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अभिनव पहल के माध्यम से संस्था ने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रितु पांडे, वैष्णवी राजे और कमल मोगिया ने अपना जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया। वहीं, संस्था प्रमुख दीपक सेन ने मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन मंत्री लखन पटेल, पूर्व सीएमओ कपिल खरे, एसपी अरविंद तिवारी, इंदौर एसआई अवधेश दुबे, एसआई जितेंद्र यादव, कृष्ण कुमार चौबे, लता विनोदे, अंशिका सेन, संजय सचदेव, लोकेश सेन, आकर्षक राय और आमिर अली के जन्मदिवस पौधा रोपकर मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने कदम संस्था का पारंपरिक गीत गाया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिज्ञा ली। चयनित प्रतिभागियों को संस्था द्वारा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मोनिका मोगिया, अर्चना नेमा, आर्यिका राजे, अंजलि तिवारी, दिया तिवारी, रिया तिवारी, खुशी शर्मा, राधेश्याम नेमा, प्रभात जैन, डॉ. केदारनाथ शर्मा, प्रतिपाल सिंह, राहुल टंडन, हरीश पटेल, मनोज गुप्ता और अवनीश वाल्मीकि सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। संस्था की यह पहल रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास के रूप में सराही गई।

### कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत गोवर्धन पर्वत पर किया पौधरोपण

# गोवर्धन पर्वत पर पौधा रोपित कर प्रकृति को बचाने का कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बादंकपुर धाम में स्थित गोवर्धन पर्वत पर कदम का पौधा रोपित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जागेश्वर नाथ भक्त मंडल एवं मंदिर समिति द्वारा पौधा रोपित करने का अवसर मिला हैं। उन्होंने जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा गोवर्धन पर्वत पर आकर एक पौधा रोपित कर प्रकृति को बचाने का कार्य करें। प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में स्थित गोवर्धन पर्वत सरोवर के समीप श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल के आव्हान और प्रयास से पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। श्रावण मास से प्रारंभ हुआ पौधरोपण निरंतर जारी है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी प्रबंधक रामकृपाल पाठक, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि धर्मेन्द्र चटन पटेल, ऋषि परिहार, राम गौतम, कृष्णा पटैल, शंकर गौतम, अरविंद पाठक, गुड्डा रैकवार, गणपत अहिरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामीणजन ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

### अमानगंज में बड़े उल्लास के साथ मनाया गया कजलियां पर्व


**अमानगंज**। अमानगंज में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ कजलियां का त्यौहार मनाया गया। सुबह से ही कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में डोल-ढोल की थाप पर नाचते-गाते हुए कजलियां लेकर मंदिरों और नदी-तालाबों की ओर रवाना हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं के स्वागत व जलपान की व्यवस्था की गई। महिलाओं ने घरों में पूजन-अर्चन कर पारंपरिक गीत गाए। देर शाम कजलियों का विसर्जन विधि-विधान से किया गया। पूरे दिन नगर में धार्मिक माहौल और सांस्कृतिक रंग देखने को मिला।

## रक्षाबंधन का पर्व उत्साह से मनाया



**तेंदूखेड़ा**। संपूर्ण देश में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र (राखी) बांधकर उनके सुख-समृद्धि और लंबी आयु की कामना की। नगर एवं क्षेत्र में भी रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्ष और लाश के साथ मनाया गया बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाधी भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उन्हें जीवन भर सुरक्षा, सम्मान और सहयोग देने का वचन दिया। इस मौके पर पारिवारिक मेल-जोल बढ़ा और घर-परिवार में उत्सव का माहौल बना रहा। विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न संस्थानों में भी रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किये गये, जहाँ भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भाषणों के माध्यम से सम्मानित किया गया।रक्षाबंधन न केवल भाई-बहन के रिश्ते को सुदृढ़ करता है, बल्कि यह आपसी प्रेम, विश्वास का रिश्ता है

## शराबी बाइक चालक ने बालक को मारी टक्कर



**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज पुरानी बस स्टैंड पर एक सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। जहां बालक गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक चालक शराब के नशे में अत्यधिक स्पीड पर बाइक चलाते हुए पुरानी बस स्टैंड से गुजरा। इस दौरान साइट में पैदल चल रही एक बालक को हैंडल में फंसा कर बाइक चालक दूर तक बालक को घसीट ले गया जिससे बालक के सीने में गंभीर चोट आई है। बालक अपने परिवार के साथ पन्ना से अमानगंज आया हुआ था।

## वोट चोरी के मामले को जन-जन तक पहुंचाएगे: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

नेता विपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा सबूतो के सहित चुनाव आयोग द्वारा की गई वोट चोरी के मामले को उजागर करके भाजपा और चुनाव आयोग के काले कारनामों को देश की जनता के सामने लाकर एक बड़ा खुलासा करने से भाजपा बौखलाई हुई है, और चुनाव आयोग के बचाव में खुलकर सामने आ गई है इस से यह सिद्ध होता है कि भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर संविधान की हत्या करके वोट चुराकर यह सरकार बनाई है उक्त उदगार हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर कार्यकर्ताओं के बीच कहे, कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि शीघ्र ही कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गांव गांव में पहुंचकर चुनाव आयोग और मोदी शाह द्वारा जो आम जनता के मत की (वोट) की चोरी करके जबरदस्ती की सरकार बनाई गई है, यह संविधान के खिलाफ है मोदी जी द्वारा जो षड्यंत्र पूर्वक चुनाव आयोग से मिलकर वोटो की हेरा फेरी की है इसकी पूरी हकीकत क्षेत्र की जनता जनार्दन के सामने पेश करके बताएंगे कि कैसे आपकी वोट की चोरी की जा रही है कैसे आपके अधिकारों को छीना जा रहा है कांग्रेस नेता ने चुनाव आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट बंद किए जाने पर कहा कि राहुल गांधी जी ने जैसे ही चुनाव आयोग की चोरी पकड़ी और उस से डेटा और फुटेश की मांग की गई तो तुरंत चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट बंद क्यों ?कर ली यदि चुनाव आयोग ने कोई गड़बड़ी नहीं की है तो अपनी वेबसाइट बंद करने का एवं डेटा नहीं देने का क्या मतलब हुआ।

## मिढासन नदी बरोंहा घाट पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिली 22 वर्षीय युवक की लाश

एक दिन पूर्व से लापता था युवक

**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गड़ोखर ग्राम के पास मिढासन नदी के बरोंहा घाट में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की लाश मिली है। घटना की जानकारी दोपहर जैसे ही लोगों को लगी तो तुरंत रविवार की दोपहर 12 बजे गड़ोखर ग्राम के समाजसेवियों द्वारा अमानगंज पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। युवक का नाम संत कुमार अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी एक दिन पूर्व शनिवार से भैंस चराने के लिए गया था। मगर घर नहीं आया तो परिवार के लोगों ने मामले में अमानगंज थाना में गुमसुदगी दर्ज कराई थी। अब युवक की लाश मिली है जिससे क्षेत्र में नाना प्रकार की चर्चाओं का दौर गर्म हो गया है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर पन्ना में हजारों किसानों का आंदोलन




### जयराम यादव व देबू गौड के नेतृत्व में उठी न्याय की मांग

पन्ना।



विश्व आदिवासी दिवस पर विगत 9 अगस्त 2025 को पन्ना जिले में एकलव्य सेना के जिला अध्यक्ष जयराम यादव और आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष देबू गौड के नेतृत्व में हजारों आदिवासी, पिछड़े वर्ग और दलित किसानों ने वन विभाग के अत्याचारों के खिलाफ विशाल आंदोलन किया। डायमंड चैराहे से शुरू होकर अजयगढ़ चैराहे पर ज्ञापन सौंपने तक यह प्रदर्शन चला। डायमंड चैराहे के गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी महापुरुषों को दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ श्रद्धांजलि दी गई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समुदाय की एकजुटता को दर्शाया। जयराम यादव ने अपने प्रेरक भाषण में कहा हजारों किसानों की पुश्तैनी जमीनें हमारी पहचान और आजीविका का आधार हैं। वन विभाग का अन्याय हमें बेदखल नहीं कर सकता। हम एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे और गोंडवाना की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखेंगे। देबू गौड़ ने कहा कि वन विभाग का उत्पीडन अब बर्दाश्त नहीं होगा। हमारी जमीनें, हमारे मकान और हमारी संस्कृति पर हमला हमारे अस्तित्व पर हमला है। हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिलता। उनके जोशीले भाषणों ने हजारों किसानों में उत्साह भरा। रैली मोहन निवास, गांधी चैक, पुरानी कचहरी होते हुए अजयगढ़ चैराहे पर पहुंची जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अजयगढ़, छतैनी, वरकोला और इटवांकला में आदिवासी, पिछड़े समाज के पाल, यादव व दलित अहिरवार समाज के किसानों की जमीनों पर खेती रोकने और मकानों के अवैध विध्वंस की जांच, केन-बेतवा परियोजना और सिरस्वाहा डैम से विस्थापितों को मुआवजा और जमीन, टाइगर रिजर्व में पशु शिकार के लिए उचित मुआवजा, गोंडवाना राज्य की स्वायत्तता और बिरसा मुंडा की मूर्ति स्थापना, बालगहा में छात्रावास, पक्की सडक़ें और पुश्तैनी जमीनों के पट्टे की मांग की गई। रैली बलदाऊ जी मंदिर होते हुए बाबा साहब चैक पहुंची जहां आदिवासी विकास परिषद के पन्ना ब्लॉक अध्यक्ष नरेश गोंड और एकलव्य सेना के पन्ना ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह यादव ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया इसके बाद रैली डायमंड चैक पर समाप्त हुई। देबू गोंड और जयराम यादव के नेतृत्व में यह आंदोलन आदिवासी, पिछड़े और दलित किसानों की एकजुटता का प्रतीक बना।

### टीम एक सप्ताह में नाले की ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन कर किसी भी स्थिति में रिपोर्ट 25 अगस्त तक प्रस्तुत कर देगी

# जेसीबी से पानी की निकासी बनाने का काम शुरू नाला निर्माण की जांच के लिये इंजीनियर्स की टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह







कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रातः 10 बजे सुभाष कॉलोनी में जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्याम नगर के पास अमृत नाला 01, पुलिस भूमि नाला, टाइम्स कॉलेज नाला, करोंद नाला, लाड़नबाग और हाउसिंग बोर्ड विवेकानंद नगर नाला, नटवाली बाबा मंदिर के पास केशव नगर, सिद्धि विनायक कॉलोनी सहित विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। स्थानीय रहवासियों ने अपनी समस्याए कलेक्टर को बताई जिस पर कलेक्टर ने कहा चिंता ना करें सर्वे का कार्य जल्द किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सीएमओ दमोह राजेन्द्र सिंह लोधी, परियोजना शहरी विकास अधिकारी कपिल खरें, तहसीलदार रोबिन जैन, नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता सहित नगर पालिका एवं राजस्व की टीम मौजूद रही। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा नाले का निरीक्षण पूरा एंड-टू-एंड किया है, उसमें दो-तीन बेसिक दिक्कतें हैं। पहला यह देखना जरूरी होगा कि नाले की ओरिजिनल डिजाइन था, उस डिजाइन के अनुरूप यह बना है कि नहीं बना है, कहीं डिजाइन में समझौता तो नहीं हुआ है। यह चीज सबसे पहले जो ड्राइंग डिजाइन है, उसको का अवलोकन किया जायेगा। साथ ही दूसरी चीज इसी तरह से राजस्व की भूमि है, यहां पर बताया गया कि उसमें भी कई जगहों पर अतिक्रमण लोगों के द्वारा किए गए हैं, उसको चेक कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा तीसरी चीज जो नाले को जिस तरह से डिजाइन में डायवर्ट किया गया है, उसके कारण कई सारे बहुत ही तीखे कर्व हैं और जिस कारण से पानी के वाटर लॉगिंग की पानी के रुकने की बहुत ज्यादा समस्या है। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर अतिक्रमण के मुद्दे सामने आए हैं और जहां पर नाला बिल्कुल सीधा जाना चाहिए था, वहां पर उसे डायवर्जन देकर मोड़कर ले जाया गया, ऐसी बात सामने आई। इन सभी बातों पर हम लोगों ने पूरा एक-एक नोट कर लिया है और इधर ग्रामीण क्षेत्र भी है। दूसरे एंड पर हम आ गए हैं जहां पर यह हिरदेपुर यहां से शुरू हो जाएगा। यहां पर भी नाले को हमने अच्छे से देखा है। कुल मिलाकर सारी चीजें अब हमारे सभी लोगों ने देख ली हैं। स्थानीय रहवासी लोग यहां उपलब्ध हैं उन्होंने सारी चीजें दिखा दी हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अब अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया हैं। अभी एक बैठक करेंगे और अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा हैं आज से ही काम शुरू करेंगे क्योंकि हो सकता है कि अगले कुछ दिनों में फिर बारिश हो जाए और फिर इस तरह की दिक्कतें हों, काम तत्काल शुरू हो जाए और यह तब तक चलता रहेगा जब तक कि हम इस समस्या का ठीक तरीके से समाधान एक हद तक नहीं कर लेते। उन्होंने कहा भ्रमण के दौरान दमोह विधायक जी का भी मेरे पास फोन आया था। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है लेकिन फिर भी वह लगातार चिंता कर रहे हैं उन्होंने भी कहा हैं कि आप सारी चीज ध्यान से देख लें और कहीं पर भी कोई भी दिक्कत हो तो आप बिल्कुल आगे बढ़िए। कलेक्टर ने कहा मुझे लगता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भी बहुत सकारात्मक हैं इन सब चीजों को लेकर कि चीजें ठीक होनी चाहिए और हम लोग सब मिलकर मुझे आशा है कि प्रयास करेंगे पूरा कि जितना जल्दी हो सके समस्या निदान हो जाएगा। उन्होंने कहा नाले की पहले पूरे ड्राइंग डिजाइन निकलवाने पड़ेंगे, निकलवाने के बाद मैंने यह कहा है कि हम एक इंजीनियरों की समिति बना रहे हैं। पांच इंजीनियर जो 5 अलग-अलग विभागों के होंगे, एक बार टीम पूरा अवलोकन करेंगे और उनको हम एक सप्ताह का समय देंगे। इसके लिए एक सप्ताह में वह ड्राइंग डिजाइन के अनुसार पूरा देख लें और एक्चुअल डिज़ाइन से कहां-कहां पर इसमें फॉल्ट नजर आ रहे हैं, वो जो अंतर आ रहा है, उसकी एक रिपोर्ट दी जाये। प्रयास करेंगे कि हमें किसी भी स्थिति में टीम की रिपोर्ट 25 अगस्त तक मिल जाए। कल ऑर्डर इसका जारी कर देंगे और इसके बाद वह यहां देखेंगे उसके बाद वह अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे और फिर हमें सबमिट करेंगे। रिपोर्ट के बाद फिर स्थिति स्पष्ट होगी कि कहां-कहां पर वास्तव में गलतियां हुई हैं फिर उसके बाद जिम्मेदारी निर्धारित करने का काम किया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अभी पहली प्राथमिकता यह है कि जितना जल्दी हो सके यहाँ काम शुरू हो ताकि लोगों को आगे आने वाले समय में समस्या का सामना न करना पड़े। निश्चित रूप से जो दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई जरूर की जाएगी।

### दोनों जेसीबी मशीनों से काम प्रारंभ

सुभाष कॉलोनी में पानी निकासी की व्यवस्था हेतु पुलिस भुमि से एल आई सी तक नाला खुदाई का कार्य जेसीबी मशीनों के माध्यम से किया जा रहा हैं। इस सबंध में सीएमओ दमोह राजेंद्र सिंह लोधी ने बताया पानी निकासी के लिये उक्त कार्य किया जा रहा हैं। यह कार्य लगातार जारी रहेगा।

### आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस जांच में जुटी

# अनजान युवकों से विवाद पर गोली मारकर हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बालाकोट मे शनिवार रविवार की दरमियानी रात करीब 3 से 4 बजे के बीच विवाद के बाद गोली मारकर युवक की हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज घटनाक्रम सामने आया है। घटना के संदर्भ मे परिजनों ने बताया कि सागर जिले के रहली थाना अंतर्गत आने वाले महुआ सेमरा निवासी गुड्डू गौंड बीते दिन अपने दोस्त के साथ उसकी मौसी के लड़के को लेने बालाकोट गया था। दरअसल सागर जिले के रहली से दो बाईको पर पांच युवक आये थे जो बालाकोट ग्राम से निकल रहे थे। रात्रि में करीब 8.30 बजे वहीं एक खेत में चौकीदारी कर रहे भूरे उर्फ भुरई लोधी द्वारा अनजान युवको को नशे में देखकर उनकी जानकारी पूछी गई। बातचीत में ही गाली गलौच होने से चौकीदार का युवकों से विवाद हो गया व हाथापाई हो गई। पांच युवक व चौकेदार की बीच हुई झड़प से चौकीदार आगबबूला हो गया एवं फौरन बंदूक लेकर आ गया जिसे देखकर चार लोग तो भाग गये लेकिन गुड्डा रूका रहा जिसपर चौकीदार ने गोली चला दी जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर चार युवक भाग गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई जहां तत्काल ही देहात थाना एवं जबलपुर नाका चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। जिनके द्वारा मृतक के शव को जिला अस्पताल लाया गया। सीएसपी एचआर पांडे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिससे पूंछताछ की जा रही है। रविवार दोपहर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कार्यवाही के बाद परिजनों के सुपुर्द करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### 20 साल की सजा काटकर निकले आरोपी ने घटना को दिया अंजाम, गिरफ्तार

उल्लेखनीय है कि आरोपित भुरई उर्फ भूरे लोधी निवासी बालाकोट पूर्व में 302 के मामले में 20 साल की सजा काट चुका है। जेल से वापिस आने उपरांत पुनः यह घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 12 अगस्त को

**दमोह**। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने बताया आगामी पर्व गणेश उत्सव, पर्युषण पर्व, मिलाद-उन-नबी एवं पितृपक्ष पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 12 अगस्त दिन मंगलवार को शाम 05 बजे जिलाध्यक्ष कार्यालय (कलेक्ट्रेट) के सभाकक्ष में आयोजित की गई हैं।

### अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन

**पटेरा**। जिले की महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना हटा एवं पटेरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायकों की रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एमपी ऑनलाइन द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार प्राप्त आवेदनों के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में खंड स्तरीय चयन समिति परीक्षण उपरांत जारी अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन कर दिया गया है जो एमपी ऑनलाइन की पोर्टल पर आमजन के लिए प्रदर्शित है। अनंतिम चयन के विरुद्ध दावे आपत्ति सूची प्रकाशन के 7 दिवस तक प्रमाण सहित एमपी ऑनलाइन में स्वीकार किए जाएंगे ऑफलाइन कोई भी दावे आपत्ति स्वीकार्य नहीं होंगे।

## कजलियों का त्यौहार धूमधाम से मनाया



**हिंडोरिया**। नगर में कजलिये का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया प्रकृति प्रेम और खुशहाली से जुड़े इस त्यौहार को लोग अपने घरों में बोई गई काजलियो को तालाब में विसर्जित कर एक दूसरे को देख कर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं। भरत संतोष ने बताया यह पर्व एक दूसरे से मिलने मिलाने वाला त्यौहार है इसमें लोग अपने बड़े बुजुर्गों कजलिये देकर पैर छूते हुए उनका सुभाषित लेते हैं सरस्वती कटारिया निशा चौरसिया कुसुम चौरसिया आदि ने बताया कि महिलाएं अपनी सखी सहेलियां के साथ सर पर काजूलियों को लेकर निकलते हैं और रास्ते भर कजरी गीत गाते हुए तालाब पर पहुंचती है जहां पर घाटों पर रखकर उनकी पूजा कर प्रवाहित करती हैं और अपने घर जाकर कजलियों बटती है। छोटे बच्चों ने एक दूसरे के गले मिलकर अपने मित्रों को कजलिये दी।

## दो मोटर साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत, महिला सहित तीन घायल



**बनवार**। दमोह जिले के नोहटा थाना की बनवार चौकी क्षेत्र के ग्राम परस्वाहा में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। दो मोटर साइकिल आपस में भिड़ गईं, जिसमें एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसा जमनेरा तिराहा पर हुआ, जब दोनों बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। एक मोटरसाइकिल तेज गति में थी और सामने से आ रही दूसरी बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवारों को गंभीर चोटें आईं। सड़क पर रक्त रंजित स्थिति में पड़े हुए थे। हादसे में देवेंद्र पिता कलू उम्र 28 निवासी चौपरा, राजा पिता महेश गौड़ उम्र 10 वर्ष घटेरा और महेश पिता मुलाम गौंड 32 वर्ष घटेरा शामिल हैं। महेश के साथ उनकी पत्नी भी थी, जिसे हादसे में मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही बनवार चौकी से प्रधान आरक्षक गणेश अहिरवार और आरक्षक हरि सिंह मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। दो घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

## कजलियां पर्व की धूम, सेरो नृत्य का आयोजन



**बनवार**। बुंदेलखंड के गांवों में कजलियां पर्व के दौरान सेरो नृत्य का आयोजन किया गया। बनवार के खेर माता मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सेरो नृत्य किया, जिसमें पारंपरिक वाद्य यंत्रों का उपयोग किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग सेरो नृत्य देखने के लिए एकत्रित हुए और एक-दूसरे को कजलियां देते हुए पर्व की शुभकामनाएं दीं। सेरो नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों ने अपनी भावनाएं भगवान के सामने व्यक्त कीं और बुंदेली लोक कला की झलक दिखाई। सरपंच प्रतिनिधि सुभाष अहिरवार ने बताया कि सेरो नृत्य की यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और इसका महत्व केवल एक नृत्य शैली के रूप में नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आयोजन न केवल एक प्राचीन परंपरा का हिस्सा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि ग्रामीण अंचलों में आज भी पारंपरिक मूल्यों और संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है। सेरो नृत्य के आयोजन से ग्रामीणों में उत्साह और जोश का माहौल रहा, और यह आयोजन एकता और सौहार्द का प्रतीक बन गया।

## सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ



**दमोह**। महाकौशल प्रांत जिला दमोह के जिला स्वावलंबन केंद में एक और विकल्प ₹सिलाई प्रशिक्षण₹का शुभारंभ किया गया। जिसमें सिलाई का निःशुल्क प्रशिक्षण का शुभारंभ श्रीमती हेमलता सेन द्वारा रोजगार तलाश रही युवतियां ,विधवा महिलाओं को सहारा देने ,अन्य रोजगार तलाश रही महिलाओं को भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रांत के पूर्णकालिक मनोहर भाई साहब जिला महिला कार्य प्रमुख डॉ मोनिका पालीवाल ,नगर महिला कार्य प्रमुख श्रीमती कंचन असाटी सिलाई प्रशिक्षक हेमलता सेन , भारती सेन , नीतू पाठक की उपस्थिति रही।

## काल भैरव की मूर्ति चोरी के तीन संदिग्ध हिरासत में



**बनवार**। दमोह जिले के दमोह साडिया मडिया में स्थित ऐतिहासिक काल भैरव मंदिर की मूर्ति चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जेसीबी चालक सहित तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। ६ और ७ अगस्त की दरमियानी रात को जेसीबी से मूर्ति के चबूतरे के नीचे गढ़े धन के लालच में खुदाई की गई थी। ७ अगस्त की सुबह मूर्ति गायब मिली थी, जिसके बाद तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों के द्वारा मूर्ति चोरी की घटना में आरोपियों को शीघ्र पकड़ने का पुलिस पर दबाव बनाया गया था। चौकी प्रभारी, हिंडोरिया थाना प्रभारी और एसडीओपी पथरिया ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू की थी। मूर्ति की खोजबीन शुरू की गई और जब मूर्ति का कहीं पता नहीं चला, तो जेसीबी द्वारा खोदे गए गड्ढे की खुदाई की गई। ८ फीट गहरे गड्ढे के नीचे मिट्टी में दबी मूर्ति पुलिस ने बरामद कर ली थी। जेसीबी चालक और अन्य दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को यकीन है कि हिरासत में लिए गए संदिग्धों ने घटना को अंजाम दिया है। हिरासत में लिए गए संदिग्ध जेसीबी चालक के साथ-साथ बांदकपुर के बताए जाते हैं। पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है और पूछताछ पूरी होने पर आरोपियों के नाम और पूरी कार्रवाई का खुलासा करने की बात कह रही है। धर्मेंद्र गुर्जर, थाना प्रभारी, हिंडोरिया ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कलेक्टर पहुंचे शाला सनकुईया, बच्चों ने कलेक्टर को गणित के दिखाए जादू

### बिना कुछ बताएं कलेक्टर की बता दी जन्म तारीख बच्चों को दमोह के कार्यक्रम में प्रदर्शन दिखाने किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विगत दिवस कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया का निरीक्षण किया जहां उन्होंने बच्चों को अंग्रेजी का पाठ पढ़ाया एवं हिंदी का शुद्ध लेख लिखवाया और सही पाए जाने पर संतोष व्यक्त कर काफी प्रशंसा की।

छात्रों ने कलेक्टर को दिखाएं गणित के जादू निरीक्षण के दौरान बच्चों ने कलेक्टर को क्लास में गणित के विभिन्न जादू दिखाएं और बिना पूछे गणित की जादू की सहायता से कलेक्टर को उनके जन्म की तारीख बता दी जहां यह सब बच्चों की जादूगरी देखकर कलेक्टर ने काफी प्रसन्नता जाहिर की। वहीं प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव द्वारा बनाई गई गणित की टी एल एम सामग्री देखकर सराहना की। बच्चों ने कलेक्टर को विद्यालय में प्रतिदिन होने वाली छात्रा प्रतिज्ञा हिंदी एवं अंग्रेजी में सुनाई इसके पश्चात विद्यार्थियों ने कलेक्टर महोदय द्वारा चलाए गए कार्यक्रम हमारे संकल्प सुनाए जिसका प्रतिदिन विद्यालय में वचन होता है ,प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा संस्कृत में श्लोक एवं उनके अर्थ सुनाए गए। रामचरितमानस की चौपाई सुनाई ,बच्चों द्वारा घर में उपयोग होने वाले रसायनों की रासायनिक नाम एवं रासायनिक सूत्र और उनके उपयोग बताएं। अंग्रेजी में क्रिया स्पेलिंग सहित उनके अर्थ सुनाए इसके बाद विद्यालय में व्यावसायिक दक्षता हेतु बनाई गई टूल किट जैसे सिलाई टूल किट, मोबाइल टूल किट इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल्स ,ब्यूटी पार्लर सहित बागवानी टूल किट दिखाई इसमें विभिन्न प्रकार के बीजों का संग्रह दिखाया। बच्चों से खेलों पर भी चर्चा हुई छात्रों ने क्रिकेट तैराकी, कबड्डी खो खो एवं छात्राओं ने आत्मरक्षा वाले खेलों में कलेक्टर महोदय को लाठी भॉजकर दिखाई। इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम के तहत माध्यमिक शाला परिसर में एक पौधा रोपण कलेक्टर द्वारा किया। स्कूल में यह सब गतिविधियों एवं अध्यापन कार्य देखकर कलेक्टर ने बच्चों के प्रदर्शन पर बहुत ही प्रशंसा की और उन्हें दमोह में होने वाले कार्यक्रम में अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए आमंत्रित किया। इसके पश्चात ग्रामीण जनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी समस्याओं के तुरंत निराकरण हेतु अपने अधीनस्थ विभागों को फोन पर ही आदेश किया।

प्राथमिक शाला भवन की जर्जर स्थिती को देखते हुए उसकी मरम्मत हेतु निर्देश दिए।आंगनवाड़ी भवन उपलब्ध न होने की स्थिति में किराए के भवन में आंगनबाड़ी संचालित करने की निर्देश दिए।

प्राथमिक शाला भवन की छूटी हुई बाउंड्री वाल एवं को गेट को पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए।

ग्राम से स्कूल के बीच पड़ने वाली एक क्षतिग्रस्त पुलिया को सुधार हेतु पंचायत को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने अपने बीच कलेक्टर महोदय को पाकर अपने आप को बहुत धन्य समझा। निरीक्षण के दौरान सहायक जिला परियोजना समन्वयक हरीश अहिरवार, बीआरसी एम एल अहिरवार, बीएसी आनंद पटेल, जन शिक्षक हारुण खान की उपस्थिति रही।

## जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पहुंचे आदिवासी बाहुल्य ग्राम, बहनों से बंधवाई राखी



**जबेरा**। जबेरा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विनोद राय प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य ग्राम टोला, झादा, सुरेखा एवं देवतरा पहुंचे। जहां उन्होंने ग्राम वासियों को रक्षाबंधन एवं कजलियां पर्व की शुभकामनाएं दी। तो वही ग्राम की अनेकों बहनों से राखियां बंधवा कर उन्हें उपहार भी दिए। इस दौरान उनके साथ निस्वार्थ सामाजिक संगठन प्रमुख सचिन मोदी, महेंद्र यादव भी मौजूद रहे। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाजसेवी विनोद राय विगत कई वर्षों से रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ग्रामों में पहुंचकर ग्राम वासियों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते हुए एवं बहनों से राखी बंधवाते हुए उन्हें उपहार देते आए हैं जो परंपरा अनवरत अब भी जारी है। इस दौरान ग्राम वासियों एवं ग्राम की महिलाओं ने समाजसेवी विनोद राय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की विनोद राय जी कई वर्षों से रक्षाबंधन का त्योहार हमारे बीच आकर मना रहे हैं जिससे गांव में खुशी का माहौल व्याप्त हो जाता है और यह वास्तव में सच्चे समाजसेवी हैं हम ईश्वर से कामना करते हैं कि इनका प्रेम इसी तरह ग्राम वासियों के प्रति बना रहे। इस दौरान समाजसेवी विनोद राय ने ग्राम वासियों को आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी की सेवा में हमेशा तत्पर रहूंगा आप अपनी समस्या 24 घंटे कभी भी फोन के माध्यम से बता सकते हैं। इस अवसर पर ग्राम टोला, झादा, सुरेखा एवं देवतरा ग्रामों के अनेकों ग्रामवासी ग्राम की बहनें मौजूद रही।